# 5वीं-8वीं में फेल छात्रों की परीक्षा 16 जून से

## राज्य शिक्षा केंद्र ने दोबारा परीक्षा की संशोधित समय सारिणी की जारी

**नवभारत प्रतिनिधि**
**भोपाल, 30 मई. प्रदेश में जो विद्यार्थी कक्षा पांचवीं और आठवीं के मुख्य बोर्ड परीक्षा में किसी वजह से कम अंक ला पाये थे, या फिर फेल हो गये थे. ऐसे विद्यार्थियों के लिये राज्य शिक्षा केंद्र ने 5 वीं और 8 वीं कक्षा की दोबारा होने वाली परीक्षा का संशोधित शेड्यूल जारी कर दिया है.**

बता दें बोर्ड की ओर से इस परीक्षा को कराने का मुख्य उद्देश्य उन बच्चों को मुख्यधारा में वापस लाना है, जो एक या दो विषयों में फेल हो गए थे या फिर जो अपने आए हुए अंकों से संतुष्ट नहीं हैं. साथ ही जो विद्यार्थी अपने स्कोर में सुधार करना चाहते हैं, वो इस परीक्षा के माध्यम से अपने फेल विषयों को पास करके अपना साल बचा सकेंगे साथ ही शैक्षणिक प्रदर्शन को और बेहतर कर सकेंगे.आधिकारिक शेड्यूल के अनुसार कक्षा 5 वीं की दोबारा परीक्षा 16 जून से शुरू होकर 22 जून तक चलेगी. वहीं कक्षा 8 वीं की परीक्षाएं 16 जून से शुरू होकर 23 जून 2026 तक आयोजित की जाएंगी. बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि यह परीक्षाएं सुबह की शिफ्ट में आयोजित होंगी. जिसका समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजकर 30 बजे तक निर्धारित किया गया है. वहीं परीक्षा को लेकर बोर्ड ने साफ हिदायत दी है कि परीक्षा अवधि के दौरान यदि कोई स्थानीय या सार्वजनिक अवकाश घोषित होता है, तब भी टाइम टेबल में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा और परीक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित समय पर ही संपन्न होंगी. परीक्षा के दिन सभी छात्रों को अपने एडमिट कार्ड के साथ परीक्षा केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा. यदि आवश्यक हुआ तो प्रवेश के लिए सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र भी साथ रखना पड़ सकता है.

### भाषा के चयन को लेकर बोर्ड ने स्थिति की स्पष्ट

इस पूरक परीक्षा को लेकर राज्य शिक्षा केंद्र ने भाषा के चयन संबंधी नियमों को पूरी तरह साफ कर दिया है. गाइडलाइन के अनुसार जिन 5 वीं के छात्रों ने अपनी प्रथम भाषा के रूप में हिंदी, उर्दू या मराठी को चुना था. उन्हें दूसरी भाषा के रूप में अनिवार्य रूप से अंग्रेजी की परीक्षा देनी होगी. इसके विपरीत जिन छात्रों की पहली भाषा अंग्रेजी थी, उनके लिए अनिवार्य रूप से दूसरी भाषा हिंदी होगी. इसके साथ ही बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है, कि अतिरिक्त भाषा का विषय छात्रों के लिए पूरी तरह से वैकल्पिक रहेगा.

# भारतीय पत्रकारिता : टेबिल पर रखा अखबार कहता है, मुझे पढ़ो

अपनी सक्रिय पत्रकारिता के वो छह साल याद आ गए जब एक जुनून और जज्बे की भावना से न सिर्फ भोपाल, इंदौर बल्कि दिल्ली और मुम्बई के प्रकाशनों में स्थान प्राप्त किया. मकसद यह था कि मध्यप्रदेश के एक पिछड़े माने जाने वाले जिले सागर को किस तरह राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में लाने का काम हो. विषय बहुत थे जो परिवेश से ही उपजे थे.जैसे बदहाल बीड़ी मजदूर, नष्ट होती अंचल की पुरा संपदा, सागर में पान की खेती, जिले के इकलौते नौरादेही अभ्यारण की दुरावस्था, सागर की दम तोड़ती झील, सागर के ऐतिहासिक किले, सागर का पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज, गढ़पहरा धाम, रानगिर की मैया का आशीर्वाद, बीलाडेम इलाके की प्राकृतिक छटा, जैसी नगर के निराले वन, हरसिंह गौर के विश्वविद्यालय को कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी बनाने का स्वप्न बिखरा, बुंदेलखंड में सती परम्परा, गढ़ाकोटा गोली कांड के सबक, क्यों नहीं बन पा रहा रेलवे ओवर ब्रिज,विधायक लीलाधर खटीक ने खोला जनरल नॉलेज क्लब, पार्क विहीन शहर है सागर, पुस्तकालयों की किसी ने न ली सुध, रेल सुविधाओं में फिसड्डी सागर, सागर की माटी के लजीज व्यंजन, अपराध और राजनीति का गठजोड़, परेड मंदिर के हनुमान जी, सागर का विशिष्ट हॉक थियेटर, सागर के गीतकार विट्ठल भाई की मुम्बई में गूंज, प्रगतिशील लेखकों की सृजन यात्रा, सागर के साहित्य सागर के मोती, अब सागर से निकलेंगे प्रशिक्षित जासूस.

खबरों और आलेखों को रोचक बनाने के लिए हम यात्राएं भी करते. सायकिल, मोटर सायकिल, राज्य परिवहन की बस और किसी भी अन्य साधन से निकल पड़ते थे.उद्देश्य यह था कि अनछुए विषयों को सामने लाया जाए ताकि जनता को दिलचस्प सामग्री पढ़ने को मिले.मेरे साथी राजेश सिरोठिया बहुत रूचि से साथ देते और हम छायाकार गोविन्द सरवैया के साथ यात्राओं के लिए कूच कर जाते थे.बहुत जोश के साथ वो मुसाफिरी और फिर लेखन होता.स्पीड पोस्ट और कोरियर सुविधा तो थी नहीं, फिर दिल्ली, मुंबई जा रहे यात्रियों के माध्यम से सामग्री (भारतीय डाक विभाग का लिफाफा) उन शहरों में पोस्ट करवाने के लिए सौंपते.बड़ा आनंद इस कार्य में आता था.

वरिष्ठ पत्रकार और माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलपति रहे जगदीश उपासने से सप्रे संग्रहालय में उनके संबोधन में एक बार सुना था कि आज घर की बैठक में सेंटर टेबिल पर अनपढ़े अखबार ताजे-ताजे, बिना मुड़े, बिना पढ़े रखे रह जाते हैं.यह सुनकर वो दौर याद आया जब लिखी सामग्री बहुत चाव से पढ़ी जाती थी.सारांश यही है कि काम दिल से किया जाए तो दुनिया पसंद जरूर करती है.आज के दिन की सभी कलमकारों को बधाई.

**अशोक मनवानी**
संपादक, मध्यप्रदेश संदेश
(मध्य प्रदेश शासन की पत्रिका)

# मतदाता सूची पुनरीक्षण पर उठाए सवाल

## कांग्रेस ने लगाया गंभीर अनियमितताओं का आरोप

**विशेष संवाददाता**
**भोपाल, 30 मई. मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता मिथुन अहिरवार ने निर्वाचन आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग की है.**

उन्होंने आरोप लगाया कि जिस प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और घर-घर सत्यापन आधारित बताया गया था, उसमें गंभीर खामियां सामने आ रही हैं. मिथुन अहिरवार ने बताया कि पिछली पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान उनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया था. मीडिया में मामला उठने और



निर्वाचन आयोग के संज्ञान में आने के बावजूद उनका नाम पूर्ववत बहाल नहीं किया गया. इसके बजाय उनके नाम से दो नई मतदाता पहचान पत्र जारी कर दिए गए. कांग्रेस प्रवक्ता ने निर्वाचन आयोग से यह स्पष्ट करने की मांग की कि जारी किए गए दोनों नए मतदाता पहचान पत्रों में से वैध कौन-सा है. उन्होंने यह भी पूछा कि यदि पूर्व में हटाए गए मतदाता अपने पुराने पहचान पत्र के आधार पर मतदान कर सकते हैं. तो क्या ऐसी स्थिति में किसी व्यक्ति के पास एक से अधिक मतदान पहचान पत्र मान्य हो सकते हैं.

### ऐसी त्रुटि कैसे संभव हुई : मिथुन अहिरवार

उन्होंने दावा किया कि दोनों मतदाता पहचान पत्रों में उनका नाम, पिता का नाम और पता पूरी तरह समान है, जबकि केवल मतदाता पहचान संख्या अलग-अलग है. उन्होंने सवाल उठाया कि यदि बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा वास्तव में घर-घर जाकर सत्यापन किया गया था और आधार जैसे विशिष्ट पहचान दस्तावेजों का उपयोग किया गया था, तो ऐसी त्रुटि कैसे संभव हुई.

# महाकाल पहुंची रजत पाटीदार की टीम

**खेल प्रतिनिधि**
**भोपाल 30 मई. मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) 2026 के आगाज से पहले ग्वालियर चीता टीम ने उज्जैन पहुंचकर बाबा महाकाल के दर्शन किए और नए सीजन के लिए आशीर्वाद लिया. कप्तान रजत पाटीदार, कोचिंग स्टाफ और खिलाड़ियों ने एक साथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर अपने अभियान की शुरुआत की.**



पिछले दो सीजन में फाइनल के बेहद करीब पहुंचकर चूकने वाली ग्वालियर चीता इस बार खिताब जीतने के इरादे से मैदान में उतरने जा रही है. टीम की कमान मध्य प्रदेश और भारतीय क्रिकेट के चर्चित बल्लेबाज रजत पाटीदार के हाथों में है, जिनसे इस सीजन में भी बड़ी उम्मीदें लगाई जा रही हैं. ग्वालियर चीता की ताकत उसके संतुलित संयोजन में नजर आती है. टीम में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ युवा प्रतिभाओं का अच्छा मेल है. पिछले सीजन में 14 विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहे मंगेश यादव भी टीम का अहम हिस्सा हैं. वहीं टीम को मार्गदर्शन आदित्य श्रीवास्तव दे रहे हैं, जिनकी कप्तानी में मध्य प्रदेश ने 2022 में 69 साल बाद रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता था. एमपीएल 2026 का पहला मुकाबला 3 जून को इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां ग्वालियर चीता की भिड़ंत उज्जैन फाल्कन्स से होगी. क्रिकेट प्रेमियों की नजर अब रजत पाटीदार की अगुवाई वाली इस टीम पर टिकी है.


## डिस्प्ले क्लासीफाइड







FOR SALE
3 BHK FLAT for SALE:
Shree Shyam Regency:
Shankheshwar City:
Jakhya Indore: Near
SAIMS College: 5th
Floor 1325 sqft
9425845234

न्यायालय तहसीलदार
नजूल वृत्त
गोविन्दपुरा भोपाल
प्रकरण क्रमांक 0008 / अ-3 / 26-27
// इश्तहार //
आवेदक श्री शांतनु दास गुप्ता आ. स्व. श्री सत्यब्रत दास गुप्ता निवासी सी 55 ओल्ड मिनाल रेसेडेंसी गोविन्दपुरा भोपाल के द्वारा ग्राम नरेला शंकरी स्थित भूमि खसरा क्रमांक 42/1, 42/18, 23/1 के अंशभाग रकबा 1014 वर्गफीट का नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।
अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस संबंध मे किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस आम सूचना के जारी होने के 07 दिवस तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि बीत जाने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
तहसीलदार
एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
नजूल गोविंदपुरा, भोपाल


# विधायक सबनानी ने जनता से किया संवाद



▶ अधिकारियों को समस्याएं हल करने के दिए निर्देश

**भोपाल, 30 मई. दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी द्वारा प्रतिदिन नगर निगम, पीडब्ल्यूडी एवं एमपीईबी के अधिकारियों के साथ विधानसभा क्षेत्र का निरीक्षण किया जा रहा है.**

शनिवार को वार्ड 47 पंचशील नगर के कई क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया, जनता से संवाद कर समस्याओं की जानकारी ली गई और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में समस्याओं का निवारण करने के निर्देश दिए गए. विधायक सबनानी द्वारा शनिवार सुबह 7 बजे अधिकारियों के साथ पंचशील नगर की कई बस्तियों का निरीक्षण किया गया.

निरीक्षण के दौरान जनता से अपील की गई कि वह साफ-सफाई और पानी बचाने में अपना सहयोग देकर स्वच्छ भोपाल अभियान में अपना योगदान दें.निरीक्षण के दौरान विधानसभा प्रभारी राजू अनेजा, मंडल अध्यक्ष डॉ. प्रियेश उपाध्याय, पूर्व पार्षद राजेश खटीक, राजू कामले, गंगाराम कुशवाहा, रिंकू ठाकुर, दीपक सेलके, अशोक जैन, पवन जैन सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# सेवानिवृत्त पुलिस अफसरों का सम्मान



**नवभारत रिपोर्टर**
**भोपाल, 30 मई. भोपाल पुलिस कमिश्नरेट में सेवानिवृत्त हुए 14 अधिकारियों का सम्मान समारोह शनिवार को आयोजित किया गया.**

सम्मान समारोह में पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने सभी अधिकारियों तथा उनके परिजनों को सेवानिवृत्ति की बधाई एवं शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद सभी की दिनचर्या में अक्सर बहुत ही ज्यादा परिवर्तन आ जाता है. इस कारण स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाते हैं, जिससे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य खराब हो जाता है. वृद्धावस्था में स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील रहें. अपना एवं अपने परिवार का बखूबी से ध्यान रख सके.

# बैरसिया की ग्राम पंचायतों के विकास को मिल रही नई गति

**बैरसिया, 30 मई. डिजिटल सेवाओं, महिला सशक्तिकरण और हितग्राहियों को सीधे धन हस्तांतरण के जरिये पंचायतों की तस्वीर लगातार बदल रही है.**

बैरसिया जनपद पंचायत की 126 ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने और ग्रामीण विकास को रफ्तार देने के लिए पंचायतों में कई विकास कार्य हो रहे हैं. प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) मनरेगा, पीएम ग्राम सड़क योजना और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जैसी प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं ने लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त किया है. इन योजनाओं के सही क्रियान्वयन की निगरानी के लिए ग्राम पंचायतों का सतत निरीक्षण



मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेश सराठे एवं जनपद अध्यक्ष लता कुवेर सिह गुर्जर द्वारा किया जा रहा है. इसे हितग्राही सरकार की योजनाओं से लाभांवित हो रहे हैं. सतत मानिटरिंग से पंचायतों में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य होने से सरकारी राशि के दुरुपयोग पर भी अंकुश लगा है. जनपद की अधिकांश ग्राम पंचायतें आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ती नजर आने लगी हैं.

# आगा क्लब में 1 जून से बास्केटबॉल का रोमांच

**खेल प्रतिनिधि**
**भोपाल, 30 मई (खेल प्रतिनिधि). शहर के आगा क्लब में सुपर 12 ओपन बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2026 का शुभारंभ 1 जून से होने जा रहा है. प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 5 जून को खेला जाएगा.**

इस प्रतियोगिता में भोपाल की 21 टीमें हिस्सा लेंगी. बॉयज और गर्ल्स दोनों वर्गों में होने वाले मुकाबलों में 21 वर्ष तक के



खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे. आयोजकों के अनुसार सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और पांच दिनों तक दर्शकों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे. आगा क्लब हीरोज़ बैच 1996 द्वारा आयोजित इस चैंपियनशिप का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराना है. विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मैडल देकर सम्मानित किया जाएगा. शहर के बास्केटबॉल जगत की नजर अब इस प्रतियोगिता पर टिकी है, जहां नए सितारे अपनी पहचान बनाने के लिए मैदान में उतरेंगे.

# नदियों के उद्गम स्थलों को स्वच्छ रखें : पटेल

**भोपाल, 30 मई. पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि मां नर्मदा केवल आस्था की प्रतीक नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन और अस्तित्व का आधार हैं.**

हमारी नदियों के उद्गम स्थलों को स्वच्छ, सुरक्षित और समृद्ध बनाए रखने में प्रत्येक नागरिक को अपना बहुमूल्य योगदान देना चाहिए. पटेल ने यह विचार अमरकंटक धाम स्थित नर्मदा नदी के उद्गम स्थल पर 29 से 31 मई तक आयोजित इस विशेष स्वच्छता अभियान में श्रमदान के दौरान व्यक्त किये. पटेल ने स्वयं उपस्थित होकर जनभागीदारी के साथ सक्रिय रूप से श्रमदान किया.'मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन' एवं 'निर्विकार पथ' के कार्यकर्ताओं के सहयोग से संचालित इस अभियान में स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों ने हिस्सा लिया.





पश्चिम मध्य रेल
ई निविदा सूचना
मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेल, भोपाल भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिये कार्य करते हुये निम्न कार्यों हेतु ई निविदा आमंत्रित करते है। इन टेन्डर्स के तहत मैनुअल प्रस्ताव मान्य नहीं होंगे एवं ऐसे प्राप्त कोई भी मैनुअल प्रसताव को स्वीकार नहीं किया जायेगा। निविदा से संबंधित दस्तावेज वेब साइट www.ireps.gov.in. पर अप लोड कर दिये गये हैं।, **निविदा सूचना एवं क्रमांक**:बीपीएलएनवर्क्स 2026-27 सिगनल 05, **कार्य का नाम**: अल्टरेशन ऑफ फेज वर्किंग ऑफ श्री सिंगाजी थर्मल पावर प्रोजेक्ट एट खंडवा साइलो साइडिंग वर्क शिफ्टिंग ऑफ सिग्नलिंग गियर्स इन कनेक्शन विथ ROB ऑन बंटी नगर एट KM 891/31 & 892/1 एंड ROB एट KM 1084/27 - 29 इन बिटवीन पगरा मबन रेलवे स्टेशन, **कार्य की अनुमानित लागत**: 1,23,1,420.91, **निविदा फार्म की कीमत (non refundable)**: लागू नहीं, **जमा की जाने वाली बयाना राशी**: 2,46,200.00, **कार्य समापन की अवधी**: 09 माह, **निविदा जमा करने एवं खोलने की दिनांक एवं समय**: दिनांक 19/06/2026 को 15.00 बजे तक दिनांक 19/06/2026 को 15.30 बजे, निविदाकर्ता/बिडर्स के पास क्लास III डीजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना आवश्यक है एवं IREPS पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बिडर्सहीई-टेंडरिंग म भाग लश्संकते हैं। ई-टेंडरिंग के दौरान हीं सभी संबंधित दस्तावेज अपलोड करना आवश्यक है। पेमेन्ट गेटवे के द्वारा ऑनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज की कीमत, बयाना राशि आदि का भुगतान ऑनलाइन मल्टीपल नेटबैंकिंग, डेबिट एवं केडिट कार्ड द्वारा किया जा सकता हैं।
कृते मंण्डल रेल प्रबंधक (सिग्नल एवं दूरसंचार), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


शिक्षा ▶ बीकॉम के छात्रों के लिए 'पोवर्ड बाय इंटेल ए आई फॉर फ्यूचर वर्कप्लेस' की पहल

# बीएसएसएस ने विद्यार्थियों को दिया एआई का प्रशिक्षण

**भोपाल, 30 मई. भोपाल स्कूल ऑफ़ सोशल साइंसेज (बीएसएसएस) के कंप्यूटर एप्लीकेशंस विभाग ने बीसीए और बी कॉम के छात्रों के लिए 'पोवर्ड बाय इंटेल ए आई फॉर फ्यूचर वर्कप्लेस' पहल के तहत 'ए आई फॉर साइबर सिक्यूरिटी' और 'ए आई फॉर सस्टेनिबलिटी' नाम से एक-सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए.**



इनका उद्देश्य छात्रों के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, स्थिरता और आधुनिक तकनीकी अनुप्रयोगों के ज्ञान को बढ़ाना था. 'ए आई फॉर साइबर सिक्यूरिटी' प्रशिक्षण ने नेटवर्किंग की बुनियादी बातों, लिनक्स ऑपरेशंस, वर्चुअलाइजेशन, नेटवर्क स्कैनिंग टूल्स, साइबर सुरक्षा जागरूकता, और ए आई संचालित साइबर खतरों और बचाव तंत्रों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया. छात्रों ने व्यावहारिक सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लिया और सिस्टम प्रशासन तथा साइबर सुरक्षा से संबंधित तकनीकी कौशल प्राप्त किए. 'ए आई फॉर सस्टेनिबलिटी 'कार्यक्रम ने पर्यावरणीय स्थिरता, जलवायु निगरानी, स्मार्ट सिटी समाधान, नो-कोड ए आई टूल्स और डेटा विश्लेषण गतिविधियों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया.

संवादात्मक चर्चाओं और व्यावहारिक प्रदर्शनों ने छात्रों को यह समझने में मदद की कि ए आई प्रौद्योगिकी पर्यावरणीय और स्थिरता संबंधी चुनौतियों को हल करने में कैसे योगदान दे सकती हैं. ये कार्यक्रम छात्रों के लिए अत्यंत जानकारीपूर्ण और लाभकारी रहे. इन्होंने उभरती प्रौद्योगिकियों के बारे में जागरूकता बढ़ाकर छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, क्लाउड कंप्यूटिंग और सतत तकनीकी नवाचार में भविष्य के अवसरों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया.

> प्रिंसिपल डॉ फादर जॉन पी जे ने इन कार्यक्रमों को आयोजित करने के लिए विभाग के प्रयासों की सराहना की. वाइस प्रिंसिपल डॉ सिस्टर लीमा जैकब और डीन डॉ फादर जोमी पानिथास ने भी समन्वयकों और छात्रों को उनके सक्रिय भागीदारी और प्रशिक्षण सत्रों के सफल समापन के लिए बधाई दी.


